मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर– 342003

दिनांकः 27 अक्टुबर 2015

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	28/10/15	29/10/15	30/10/15	31/10/15	01/11/15
वर्षा (मि.मी.)	0	0	0	0	0
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	35	34	34	33	33
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	19	19	18	18	18
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	2	1	0	0	0
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	65	61	59	56	55
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	31	28	26	24	25
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	12	10	10	9	8
हवा की दिशा	उत्तर–उत्तर–पूर्व	पूर्व	पूर्व	पूर्व	पूर्व

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाहः

सरसों की बुवाई के लिये समय उपयुक्त है। जिन किसान भाईयों ने अभी तक सरसों की बुवाई नही की है इसकी उन्नत किस्मों की बुवाई करें।

सरसों की फसल को सफेद रोली रोग से बचाने के लिए एपरोन की 6 ग्राम मात्रा से प्रति किलो बीज को उपचारित कर बुवाई करें।

किसान भाई जीरे की बुवाई के लिए खेत तैयार करें व आवश्यक आदानों बीज, खाद की व्यवस्था करें।

मैथी की उन्नत किस्म आर.एम.टी–1 व आर.एम.टी–305 की बुवाई करें। बुवाई हेतु 20–25 किलो बीज प्रति हैक्टेयर प्रयोग में लें।

पशुओं के अच्छे स्वास्थ्य व दुग्ध उत्पादन के लिए नमक तथा खनिज मिश्रण अवश्य दें।

(नौडल ऑफीसर)